भोपाल | शनिवार | 30 मई 2026 | वर्ष 70 | अंक 126 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


2 लंबित मामलों में सुको ने जताई चिंता


4 सूर्यवंशी के रूप में आया तूफान राजस्थान रॉयल की अनोखी शान


8 भारत-अमेरिकी निवेश में आएगी मजबूती


11 ऋषभ पंत ने छोड़ी लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी

### एक नजर में

#### आज हिंदी पत्रकारिता दिवस, 200 वर्ष पूर्ण

30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है. आज के दिन सन् 1826 को हिंदी का पहला समाचार पत्र उदन्त मार्तण्ड का प्रकाशन कोलकाता से शुरू हुआ था. जुगल किशोर शुक्ल इसके संपादक थे. उस समय अंग्रेजों के खिलाफ इस समाचार पत्र ने लड़ाई लड़ी थी. हिंदी पत्रकारिता को 200 वर्ष पूर्ण हो गए हैं.



#### सहकारिता मंत्री गौतम दक पर एफआईआर

**चित्तौड़गढ़.** राजस्थान की राजनीति में एक नई घटना सामने आयी है. सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक के खिलाफ चित्तौड़गढ़ जिले के डूंगला थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. मंत्री पर ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों को धमकाने, गाली-गलौच करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए हैं. मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 351(2) और 352 के तहत दर्ज किया गया है. एफआईआर के अनुसार, 25 मई 2026 को थाना डूंगला में दर्ज एक पुराने मामले की जांच के लिए आरोपी धनराज खारोल को पूछताछ हेतु बुलाया गया था. पुलिस ने उससे उसके बेटे मनोज खारोल और अन्य परिजनों को भी जांच में सहयोग के लिए पेश करने को कहा. आरोप है कि इस दौरान धनराज ने राजनीतिक पहुंच का हवाला देते हुए मंत्री गौतम दक से संपर्क करने की बात कही.

# जहरीली शराब से 15 मौतें

## सीएम फडणवीस ने दिए जांच के आदेश, 8 आरोपी हिरासत में

**पुणे, 29 मई. पुणे शहर एक बार फिर अवैध शराब के जाल में फंसता नजर आ रहा है. पिछले 24 घंटों में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत ने पूरे महाराष्ट्र को झकझोर कर रख दिया है. यह दर्दनाक घटनाएं हडपसर, फुगेवाड़ी, दापोडी और पिंपरी-चिंचवड़ इलाके में सामने आई, जहां कई लोगों की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई.**

मृतकों के परिजनों और स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि प्रतिबंधित हाथ भट्टी की जहरीली शराब ने इन लोगों की जान ली. मामले के सामने आते ही पुलिस और राज्य आबकारी विभाग हरकत में आया. संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब निर्माण और सप्लाई से जुड़े 8 लोगों को हिरासत में लिया गया है. जांच एजेंसियों को शक है कि शराब में मेथेनॉल जैसे जहरीले रसायन की मिलावट की गई थी,



जिससे लोगों की हालत बिगड़ी. कई पीड़ितों ने मौत से पहले चक्कर आने और उल्टी जैसी शिकायतें की थीं. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं. वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता और पूर्व महापौर योगेश बहल ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. हालांकि पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस का कहना है कि पांच लोगों की मौत अलग-अलग



कारणों से भी हो सकती है, लेकिन जहरीली शराब की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तह तक पहुंचने के लिए मेडिकल रिपोर्ट और शराब के सैंपलों की जांच कर रही है.

# नीट मामले में एनटीए को फटकार

## यूपीएससी का पेपर लीक क्यों नहीं होता : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, 29 मई. नीट - युजी पेपर लीक मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई. अदालत ने कहा कि जब तक जवाबदेही तय नहीं होगी, तब तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं. कोर्ट ने यूपीएससी का उदाहरण देते हुए पूछा कि वहां कभी पेपर लीक क्यों नहीं होता और एनटीए को उससे सीख लेने की जरूरत बताई.**

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इस मामले पर नजर बनाए हुए हैं ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो. जस्टिस पीएस नरसिम्हा की अगुवाई वाली बेंच ने टिप्पणी करते हुए कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि लाखों छात्र सालों तक मेहनत करते हैं, अपना समय, पैसा और भावनाएं इस परीक्षा में लगाते हैं. ऐसे में अगर हर साल परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे तो यह पूरे सिस्टम पर बड़ा दाग है.

### पूरी तरह सुरक्षित व्यवस्था कहां है : सुप्रीम कोर्ट



सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए और पूर्व इसरो प्रमुख डॉक्टर के. राधाकृष्णन से सीधे सवाल पूछा कि आखिर बार-बार पेपर लीक और परीक्षा गड़बड़ियां क्यों हो रही हैं. कोर्ट ने कहा कि आपने कहा था कि मजबूत और सुरक्षित व्यवस्था बनाई जाएगी. फिर हर बार ऐसी घटनाएं कैसे हो रही हैं? अदालत ने यह भी कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे समिति की सिफारिशें नाकाम साबित हो रही हैं या फिर उन्हें सही तरीके से लागू ही नहीं किया गया.

वहीं इस मामले में केंद्र की तरफ से उचित कार्रवाई का भरोसा दियाला गया है. केंद्र की तरफ से अदालत में ये बताया गया कि पीएम मोदी खुद इस मामले में निगरानी रख रहे हैं. सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस मुद्दे को बेहद गंभीरता से ले रहे हैं. साथ ही इसकी मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं. उन्होंने बताया कि 21 जून को होने वाले री-नीट एग्जाम के लिए नई सुरक्षा प्रणाली और निगरानी व्यवस्था लागू की गई है.

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले से गेमिंग कंपनियों में हड़कंप

**नई दिल्ली, 29 मई.** सुप्रीम कोर्ट द्वारा ऑनलाइन गेमिंग पर 28 प्रतिशत जीएसटी को सही ठहराए जाने के बाद गेमिंग इंडस्ट्री में हलचल मच गई है. फैसले के तुरंत बाद शेयर बाजार में गेमिंग कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिली. डेल्टा कॉर्पोरेशन के शेयर करीब 17 प्रतिशत तक टूट गए, जबकि नजारा टेक्नोलॉजीज के शेयरों में भी तेज गिरावट दर्ज की गई. सबसे ज्यादा असर डेल्टा कॉर्पोरेशन लिमिटेड के शेयरों पर पड़ा.

# भारत-अमेरिका ट्रेड डील अंतिम चरण में पहुंची

**नई दिल्ली, 29 मई. भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में वार्ता तेज हो गई है. दोनों देशों के अधिकारियों के बीच लंबित मुद्दों पर बातचीत जारी है और आने वाले दिनों में समझौते को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति होने की उम्मीद जताई जा रही है.**

भारत ने हाल ही में व्यापार समझौते से जुड़े शेष मुद्दों पर चर्चा के लिए एक उच्चस्तरीय टीम वाशिंगटन भेजी थी. सूत्रों के अनुसार, समझौते के लगभग 99 प्रतिशत हिस्से पर सहमति बन चुकी है, जबकि कुछ प्रमुख मुद्दों पर बातचीत जारी है. इस बीच, अमेरिका का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल 1 जून से 4 जून तक भारत दौरे पर रहेगा.

- **समझौते के 99% हिस्से पर सहमति बन चुकी है**

प्रतिनिधिमंडल भारतीय अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यापारिक और आर्थिक विषयों पर चर्चा करेगा तथा समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में आगे की वार्ता करेगा।

## तीसरी बार आईपीएल के फाइनल में गुजरात

**मुल्लांपुर, 29 मई।** गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 के दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली। अब 31 मई को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात का सामना गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। गुजरात जहां दूसरी बार खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी, वहीं आरसीबी लगातार दूसरा खिताब अपने नाम करना चाहेगी। शुक्रवार को खेले गए मैच में जहां शुभमन गिल ने शतक लगाया, वहीं वैभव सूर्यवंशी आईपीएल इतिहास में सबसे कम गेंदों में 1000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए. उन्होंने सिर्फ 440 गेंदों में यह आंकड़ा छुआ.

# डेढ़ करोड़ के 50 हजार अवैध कफ सिरप बरामद

- **आधी रात अवैध कफ सिरप की फैक्ट्री पर कार्रवाई**
- **सिरप का रैपर बदल पहुंचा रहे धीमा जहर**

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 29 मई. छिंदवाड़ा कफ सिरप मामले से प्रदेश की जनता अभी बाहर आ ही रही थी कि शुक्रवार रात राजधानी के गांधीनगर इलाके में स्पेशल टास्क फोर्स की कार्यवाही ने एक बार फिर लोगों को चौंका दिया.**

बता दें अवैध नशे के एक बड़े नेटवर्क को टास्क फोर्स ने उजागर किया है. एसटीएफ ने डोबरा पटेल सिटी कॉलोनी में स्थित एक




मकान पर देर रात दबिश देकर करीब डेढ़ करोड़ रुपए की अवैध ऑनरेक्स कफ सिरप की 49 हजार 920 बोतलें बरामद की हैं. वहीं इस मामले में अब तक पुलिस ने 3 नाबालिगों सहित कुल 10 आरोपियों को हिरासत में लिया है. जिनसे फिलहाल पूछताछ की जा रही है. बता दें आधी रात को शुरू हुई यह कार्रवाई करीब 3 घंटे तक चली और सुबह 3 बजे तक पूरी कॉलोनी में सुरक्षा बलों की हलचल बनी रही. मुखबिरों के अनुसार एसटीएफ की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से इस मकान पर छापा मारा था. जहां दो अलग-अलग कमरों से भारी मात्रा में कार्टून और बोतलों में बंद प्रतिबंधित कफ सिरप देखकर टीम भी आश्चर्य से भरी रह गई.

( शेष पेज 12 पर )

### एक साल से चल रहा था अवैध कारोबार

एसटीएफ भदौरिया के अनुसार यह अवैध सिरप का कारोबार करीब एक साल से चल रहा था. जिसकी जानकारी मिलते ही टास्क फोर्स ने प्लानिंग के तहत कार्रवाई को अंजाम दिया है. बता दें एसटीएफ अधिकारियों ने साफ किया है कि मौके से बरामद कफ सिरप के सैंपल जब्त कर जांच के लिए लैब भेज दिए गए हैं लैब की रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा, कि इस सिरप में कौन से प्रतिबंधित तत्व मिले हुए हैं. फिलहाल जांच एजेंसी इस पूरे कारोबार की मुख्य सप्लाई चैन और इसके संचालन केंद्र का पता लगाने में जुटी है ताकि यह जाना जा सके कि यह अवैध सिरप किन किन जिलों तक भेजा जा रहा था.

# कर्नाटक में विधायकों की बैठक आज

**नई कैबिनेट पर अभी कोई फैसला नहीं : शिवकुमार**

**दिल्ली में राहुल गांधी से सिद्दारमैया ने की मुलाकात**

**बेंगलुरु/नई दिल्ली, 29 मई. कर्नाटक के निर्वतमान मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की.**

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस में विद्रोह हो सकता है क्योंकि डॉ शिवकुमार के खिलाफ 15 विधायकों ने सभवत: बगावत छेड़ दिया है. इस बीच सिद्दारमैया के इस्तीफे को राज्यपाल थावरचंद



गहलोत ने स्वीकार कर लिया है. लेकिन उन्होंने कांग्रेस आलाकमान के सामने मांग बड़ी कर दी है. कहा जा रहा है कि वो अपने बेटे के लिए डीप्टी सीएम का पद मांग रहे हैं. वहीं, विधायकों की बैठक कल होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा. वहीं, शनिवार को शिवकुमार और सिद्दारमैया की दिल्ली में हाईकमान के साथ बैठक है. इन सब के बीच कर्नाटक के निवर्तमान उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने शुक्रवार को स्पष्ट करते हुए कहा कि राज्य में नयी कैबिनेट के गठन या नेतृत्व में बदलाव को लेकर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है. श्री शिवकुमार ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक शनिवार को बुलाई गई है और आलाकमान के साथ चर्चा अभी भी जारी है और सभी विधायकों को बैठक के लिए बेंगलुरु में मौजूद रहने का निर्देश दिया गया है. उन्होंने कहा कि सब कुछ आलाकमान के निर्देश के अनुसार हो रहा है. अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है. शनिवार को हमने सीएलपी की बैठक बुलाई है.

# पंजाब में सिर्फ आम आदमी पार्टी

## पंजाब निकाय चुनाव में आप का दबदबा, बीजेपी-कांग्रेस को झटके

**940 वार्डों में आप ने जीत हासिल की**

**11 सौ से ज्यादा उम्मीदवारों की जमानत जब्त**

**चंढीगढ़, 29 मई. पंजाब नगर निकाय चुनाव के नतीजे शुक्रवार को आने लगे हैं. गिनती जारी है. 8 नगर निगम 75 नगर परिषद और 21 नगर पंचायतों में चुनाव हुए हैं. चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जबरदस्त जीत हासिल कर विपक्षी दलों को पीछे छोड़**



**दिया. सामने आए नतीजों में आप ने कुल 940 वार्डों में जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही. शिरोमणि अकाली दल तीसरे पर जबकि बीजेपी चौथे स्थान पर है.**

नगर निगमों की बात करें तो बठिंडा, मोगा, बरनाला और बटाला में आप ने बहुमत हासिल किया. वहीं पठानकोट और अबोहर में भाजपा को जीत मिली, जबकि कपूरथला में कांग्रेस ने बाजी मारी। मोहाली नगर निगम के नतीजों में भी आप बढ़त बनाए हुए है. फरीदकोट में आप प्रभारी मनीष सिसोदिया और मंत्री हरपाल चीमा ने समर्थकों के साथ डांस कर जीत का जश्न मनाया.

**कुल रुझान/जीत (1977 वार्ड)**

| पार्टी | सीटें |
|---|---|
| आप | 940 |
| कांग्रेस | 377 |
| अन्य | 256 |
| एसएडी | 189 |
| बीजेपी | 169 |

# गिरिबाला व बेटा समर्थ पांच दिन की सीबीआई रिमांड पर

**ट्विशा शर्मा मौत का मामला**

- **दोनों को एक साथ बैठाकर होगी पूछताछ**
- **टनल व्यू इन्वेस्टिगेशन तकनीक का होगा उपयोग**

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 29 मई. राजधानी का बहुचर्चित ट्विशा शर्मा मौत के मामले में शुक्रवार को सीबीआई सास एवं रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह दोनों को अलग-अलग गाड़ियों में लेकर कोर्ट पहुंची. जहां पर दोनों को जिला न्यायालय की न्यायाधीश शोभना भलावी की कोर्ट में पेश किया गया.**

इस मामले में पूछताछ करने के लिए सीबीआई ने दोनों आरोपियों की 5-5 दिन की पुलिस रिमांड मांगी, कोर्ट में समर्थ सिंह और गिरिबाला सिंह के द्वारा जांच में सहयोग नहीं करने का हवाला भी दिया गया. उन्होंने



कहा कि दोनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर सवाल-जवाब किए जाने हैं. सीबीआई ने यह भी कहा कि मामले से जुड़े अहम सबूत जुटाने के लिए दोनों आरोपियों की पुलिस रिमांड आवश्यक है. सीबीई की इन दलीलों के बाद कोर्ट ने पांच दिन का रिमांड मंजूर कर लिया. रिमांड की सुनवाई के दौरान आरोपी पक्ष के वकील ने विरोध नहीं किया. गिरिबाला को गिरफ्तार करने के बाद अब सीबीआई परिवार से जुड़े लोगों, घरेलू कर्मचारियों और घटना के बाद समर्थ सिंह फरारी के दौरान कहां रहे और जिनसे संपर्क किया उन सभी से पूछताछ कर सकती है.

( शेष पेज 12 पर )

### 20 लाख के शेयर अपने नाम कराने का दबाव बनाते थे पति और सास

सीबीआई को जांच में जानकारी मिली है कि ट्विशा के पास करीब 20 लाख रुपए के शेयर थे, जिनको अपने नाम कराने के लिए पति समर्थ और सास गिरीबाला सिंह दबाव बनाते थे. ट्विशा के एडवोकेट अंकुर पांडे के मुताबिक शादी के शादी के बाद ट्विशा वियतनाम गई थी। वहां से लौटने के बाद पति और सास उसके नाम पर शेयर होने की जानकारी मिली. जो 20 लाख रुपए के शेयर थे, जिनको अपने नाम कराने के लिए पति समर्थ और सास गिरिबाला सिंह दबाव बनाते थे. इसकी जानकारी ट्विशा ने अपनी मां को फोन से दी थी और कहा था कि समर्थ और गिरिबाला दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते हैं.

**एक्स पर पोस्ट साझा** | आज देशवासी विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में निरंतर जुटे

# उत्तम आचरण ही व्यक्तित्व के सच्चे आभूषण हैं : पीएम



**नई दिल्ली, 29 मई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर विनम्रता और क्षमाशीलता को लेकर संस्कृत सुभाषित शेयर किया. पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा कि विनम्रता, क्षमाशीलता और उत्तम आचरण ही व्यक्तित्व के सच्चे आभूषण हैं. इन गुणों के साथ ही आज देशवासी विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में निरंतर जुटे हैं.**

प्रधानमंत्री मोदी ने संस्कृत श्लोक लिखा, 'तेज: क्षमा धृति: शौचमद्रोहो नातिमानिता. भवन्ति सम्पदं दैवीमभिजातस्य भारत..'

श्लोक का हिंदी अर्थ है कि तेजस्विता, क्षमाशीलता, अदम्य धैर्य, आचरण की पवित्रता, राष्ट्र के प्रति निष्कपट भाव तथा अहंकाररहित व्यक्तित्व ये सभी गुण दैवी संपदा को प्राप्त व्यक्तित्व के लक्षण कहे गए हैं. उनका व्यक्तित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा. पीएम ने 'अनन्तोद्भूत भूतौघसङ्कुले भूतलेऽखिले. शस्त्रे शास्त्रे त्रिचतुराश्चतुरा यदि मादृशा:..' श्लोक साझा किया था, जिसका हिंदी अर्थ है कि संसार में अनेक लोग केवल ज्ञान या केवल शक्ति के लिए प्रसिद्ध होते हैं, किंतु वास्तव में वे धीर गंभीर व्यक्तित्व अत्यंत विरले होते हैं जो ज्ञान और पराक्रम दोनों से युक्त हों.

> प्रधानमंत्री ने बुधवार को शेयर किए गए सुभाषित में लिखा था कि निरंतर प्रयास, धैर्य और दृढ़ संकल्प के साथ बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है. आज देशवासी इसी भावना से भारतवर्ष को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहे हैं. उन्होंने 'यो यमर्थं प्रार्थयते तदर्थं चेह ते क्रमात्. अवश्यं स तमाप्नोति न चेदर्थान् निवर्तते..' जिसका हिंदी अर्थ होता है कि जो व्यक्ति जिस लक्ष्य की प्रार्थना या इच्छा करता है और उसे पाने के लिए निरंतर क्रमबद्ध प्रयास करता है, वह उस लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त कर लेता है, बशर्ते वह बीच में हार मानकर अपने मार्ग से पीछे न हटे.

## 270,000 टन कच्चा तेल भारत पहुंचने की उम्मीद

**नयी दिल्ली, 29 मई.** पश्चिम एशिया संकट के बीच मार्शल आइलैंड के ध्वज वाला टैंकर निसोस केरोस भारत के लिए लगभग 270,000 टन कच्चा तेल लेकर आ रहा है और इसके तीन जून को विशाखापत्तनम पहुंचने की उम्मीद है। बंदरगाह, नौवहन और जलमार्ग मंत्रालय में निदेशक ओपेश कुमार ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया की स्थिति पर अंतर मंत्रालयी ब्रीफिंग में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस तेल टैंकर ने 26 मई को होर्मुज़ जलडमरूमध्य को सुरक्षित रूप से पार कर लिया था और इसके तीन जून को विशाखापतनम पहुंचने की उम्मीद है.